तापमान
अधिकतम 42.1 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

12 पॉश कॉलोनियों में बरसाती पानी से मिलेगी राहत

12 समाजसेवा में भूमिका निभाने वाले 60 सम्मानित

खबर संक्षेप

कैंटर की टक्कर में बाइक सवार की मौत

समालखा। जीटी रोड पर गांव करहंस के पास तेज रफ्तार कैंटर चालक ने बाइक सवार मोनू गोयल निवासी गांव करहंस जिला पानीपत को टक्कर मार दी। हादसे में मोनू की मौत हो गई। थाना समालखा पुलिस ने मृतक के भाई सोनू ने शिकायत के आधार पर आरोपी चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नाबालिग फुफेरी बहन को लेकर युवक फरार

पानीपत। पानीपत के एक गांव की निवासी 17 साल की नाबालिग फूफेरी बहन को ममेरा भाई बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। लड़की की मां की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने केस दर्ज कर लड़की व युवक की तलाश शुरू कर दी है।

धागा फैक्टरी में आग तीन घंटों में पाया काबू

पानीपत। पानीपत के काबड़ी रोड क्षेत्र की गोपाल नगर स्थित वधवा यार्न फैक्ट्री में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आस पास के लोगों ने इसकी सूचना फैक्ट्री मालिक को दी गई। दमकल की गाड़ियों ने तीन घंटों के प्रयासों के बाद आग को काबू किया। आग लगने की घटना के समय फैक्टरी बंद थी। वहीं फैक्टरी मालिक मॉडल टाउन निवासी राकेश वधवा ने बताया कि आग में माल, मशीन और बिल्डिंग का नुकसान हुआ है।

बली में टहल रही महिला से सोने की चेन छीनी

पानीपत। पानीपत के हुडा सेक्टर 24 में घर के बाहर गली में टहल रही महिला रजनी गुप्ता की बाइक सवार दो झपटमारों ने पता पूछने के बहाने सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। इधर, चांदनीबाग थाना पुलिस ने रजनी गुप्ता की शिकायत पर दो बदमाशों के खिलाफ स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सट्टेबाजी करते तीन पकड़े, नकदी बरामद

पानीपत। थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने सनौली रोड विद्यानंद कॉलोनी में शराब ठेके के नजदीक सट्टा खाईवाली करते तीन युवकों सन्नी पुत्र अशोक निवासी कच्चा कैंप, मोसिम पुत्र असलम निवासी पुरवाल कालोनी कच्चा कैंप व अजय पुत्र शिव शंकर निवासी बत्तरा कॉलोनी कच्चा कैंप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से सट्टा खाईवाली में प्रयुक्त तीन गोटी व दाव पर लगी 3190 की नगदी बरामद की है।

परचून की दुकान के बाहर अवैध शराब बेचता पकड़ा

पानीपत। थाना समालखा पुलिस की टीम ने सोमवार को जेएस फैक्टरी के पास परचून की दुकान के बाहर अवैध शराब बेचते राजेश पुत्र धर्मपाल भापरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से शराब की खेप बरामद की और आरोपी पर केस दर्ज किया।

राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें, सफलता निश्चित रूप से मिलेगी

केंद्रीय मंत्री ने की एनडीआरआई की नई वेबसाइट शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को करनाल में स्थित राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान के 21वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ऊर्जा के साथ देश को विकसित बनाने के लिए कार्यरत हैं लेकिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी और एकजुट होकर मेहनत करनी होगी, तभी हम भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं से आह्वान किया कि वह संकल्प लें कि इस डिग्री का उपयोग आजीविका कमाने के साथ-साथ भारत को विकसित बनाने के लिए भी करेंगे।

■ मसाला लस्सी व बकरी के दूध से तैयार पनीर का किया लोकार्पण

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुल 201 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। इसमें बी.टेक (डेयरी प्रौद्योगिकी) के 32 विद्यार्थी (27 लड़के व 5 लड़कियां), 98 मास्टर डिग्री विद्यार्थी (50 लड़के व 48 लड़कियां) तथा 71 पीएचडी विद्यार्थी (36 लड़के व 35 लड़कियां) शामिल रहे। उन्होंने इस दौरान एनडीआरआई की नई वेबसाइट को भी लॉन्च किया।

इसके साथ-साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एनडीआरआई द्वारा तैयार मसाला लस्सी व बकरी के दूध से तैयार पनीर का भी लोकार्पण किया, जो एनडीआरआई के मिल्क पार्लर पर उपलब्ध होगा।

करनाल। एनडीआरआई के 21वें दीक्षांत समारोह के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान व उपस्थितजन।

समाज के लिए भी सोचें

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत एक नई शुरुआत है, एक नए जीवन का प्रारंभ है। यह दिन संकल्प लेने का दिन है कि हमें स्वयं के लिए नहीं सोचना बल्कि समाज के लिए भी सोचना है। इस शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान और कौशल अर्जित करने के साथ-साथ नागरिकता के संस्कार पैदा करना भी है। ऐसे में अपने साथ-साथ समाज की संभाल भी करनी है और इस डिग्री का उपयोग आजीविका कमाने के साथ-साथ समाज हित में भी करना है।

एनडीआरआई सर्वोच्च संस्थान

एनडीआरआई के निदेशक एवं कुलपति धीर सिंह ने कहा कि देशभर की 73 यूनिवर्सिटी में एनडीआरआई पहले स्थान पर है। यहां 14 अलग-अलग विभाग है, जिनमें बीटेक, मास्टर और पीएचडी करवाई जाती है। यहां से डिग्री धारण करने वाले छात्रों की 100 प्रतिशत प्लेसमेंट है। एनडीआरआई में शोध के लिए 1700 पशुधन है, जिसमें अलग-अलग ब्रीड है। संस्थान में प्रतिदिन 3200 किलो दूध की प्रोडक्शन होती है। इसके साथ-साथ एनिमल क्लोनिंग में संस्थान ने निरंतर शोध कार्य किए हैं। संस्थान द्वारा निरंतर पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के लिए नए-नए शोध किए जा रहे हैं।

कृषि भारत की रीढ़ व किसान उसकी आत्मा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारत की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। कृषि और पशुपालन दोनों साथ-साथ चलते हैं। ऐसे में इस डेयरी संस्थान से शिक्षा ग्रहण करके निकलने वाले छात्र एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जीए। देश में दुग्ध उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, इस दिशा में कार्य करें। भारत के दुग्ध उत्पाद हर घर में कैसे पहुंचाए जाए, इस दिशा में कार्य करें। एनडीआरआई भी बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने एनडीआरआई के निदेशक धीर सिंह को एनआईआरएफ की रैंकिंग में भी एनडीआरआई संस्थान को प्रथम लाने के लिए और मेहनत करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एनडीआरआई व समस्त भारतीयों को गरीबी मुक्त भारत की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनडीआरआई 1 प्रयोग करें कि एक गांव को चुने और वहां हर व्यक्ति को आजीविका के साथ जोड़ने का कार्य करे। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज सरकार द्वारा लखपति दीदी अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत देशभर में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया गया है।

सराहनीय प्रयास

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि एनडीआरआई ने पशुपालन के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास किए हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और अन्नदाता व दुग्धदाता यहां अपना विशेष स्थान रखते हैं। ऐसे में जब ये दोनों समृद्ध होंगे तभी भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और प्रधानमंत्री का लक्ष्य तभी पूरा होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में समृद्धि लाने में दुग्ध उत्पादन का अहम योगदान है।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, उप महानिदेशक पशु विज्ञान डॉ. राघवेंद्र भट्टा, पंतनगर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एमएस चौहान, निदेशक डॉ. सीएच. श्री निवास राव व अन्य वरिष्ठ अनुसंधानकर्ता व डिग्री प्राप्त करने आने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे।

आठ जून को न्याय मार्च निकालेंगे रोडवेज कर्मचारी

■ जीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद कर्मचारियों ने खत्म की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले करनाल में पुराना बस अड्डे पर कर्मचारियों की 24 घंटे भूख हड़ताल यातायात प्रबंधक रोहतास जांगड़ा को ज्ञापन सौंपने के बाद समाप्त हुई।

भूख हड़ताल में शामिल कर्मचारियों को राज्य नेताओं ने जूस पिलाकर हड़ताल खुलवाई। भूख हड़ताल पर बैठने वाले कर्मचारियों में माया राम, सुशील कुमार, सुशील मेहरा, कृपाल सिंह, कर्ण सिंह, साहब सिंह, जयबीर, सुरेश कुमार संगोही, राजेश कुमार, सुमेर चंद, प्रदीप, विनोद कुमार, राजबीर, कर्मबीर, बलजीत, मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, शीशपाल, हरीश कुमार व काला राणा शामिल हैं। राज्य मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य माया उनियाल तथा कृपाल सिंह लाडी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानकर लागू करने का अस्वाशन समय समय पर देती आ रही हैं, परंतु उन्हें लागू नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों को आथिक नुकसान हो रहा हैं। सरकार न तो कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कर रही हैं और ना ही विभाग में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। जिससे बसों की मरमत करना,साफ सफाई व आम जनता परिवहन सुविधा देने में परेशानी आ रही हैं। सरकार बिना किसी की मांग के 362 मार्गो पर प्राइवेट बस परमिट देने की योजना बना रही।

करनाल। जूस पिलाकर हड़ताल खुलवाते हुए कर्मचारी नेता।

मांगें पूरी करे सरकार

रोडवेज कर्मचारी नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगों जल्द से जल्द समाधान करे। रोडवेज कर्मचारी 8 जून को अम्बाला छावनी शहर में परिवहन आवास तक न्याय मार्च निकालेंगे।

कड़ी मेहनत सफलता की कुंजी : सरबजोत

■ ओलंपिक में कास्य पदक विजेता ने 150 छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता एवं अर्जुन अवार्डी शूटिंग खिलाड़ी सरबजोत सिंह अपने कोच अभिषेक राणा के साथ मंगलवार को पुलिस डीएवी स्कूल में पधारे। यह बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम रहा।

इसमें डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में क्लस्टर स्तर पर पदक जीतने वाले लगभग 150 विजेता खिलाड़ियों को सरबजोत सिंह के द्वारा मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यालय के छात्रों के साथ शूटिंग भी की। उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए उपयोगी टिप्स व मार्गदर्शन प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने कहा, "सरबजोत सिंह जैसे ओलंपियन का हमारे विद्यालय में आना न सिर्फ हमारे लिए सम्मान की बात है बल्कि हमारे विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उनका अनुभव विद्यार्थियों के मनोबल को ऊंचा करेगा और उन्हें खेलों में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं।

अंबाला। छात्रों के साथ ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह ।

हादसे में घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव हाफिजपुर के पास 11 अप्रैल को दो बाइकों की भिडंत में घायल हुए गांव टोपरा कलां निवासी 23 वर्षीय मनमीत सिंह की देर शाम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मनमीत सिंह दामला पॉलिटेक्निक में मैकेनिकल ट्रेड का छात्र था। हादसे में दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि मनमीत सिंह का इलाज अस्पताल में चल रहा था।

गांव टोपरा कलां निवासी मनमीत सिंह दामला पॉलिटेक्निक में मैकेनिकल ट्रेड का छात्र था। 11 अप्रैल को दामला पॉलिटेक्निक से छुट्टी के बाद अपने एक छात्र साथी हर्ष निवासी झगुडी के साथ पैदल गांव की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में एक बाइक सवार ने गांव तक लिफ्ट देने के लिए बाइक रोकी। मनमीत सिंह बाइक पर बैठ गया। गांव हाफिजपुर के पास उनकी बाइक को सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक चालक व मनमीत घायल हो गए थे। तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया था।

मनमीत का फाइल फोटो।

पूर्व सरपंच पर गबन का मामला दर्ज

पानीपत। पानीपत के गांव बड़ौली के पूर्व सरपंच प्रेम रंगा के खिलाफ खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने गबन करने का केस दर्ज किया गया है।

बताया गया है कि पूर्व सरपंच रंगा ने अपने कार्यकाल के दौरान जाली हस्ताक्षर कर पंचायत के खाते से चार लाख से ज्यादा की राशि निकलवाई थी। जिसकी शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने जांच की।

■ जाली हस्ताक्षर कर खाते से 4 लाख निकाले

करीब पांच साल पहले किए गए इस गबन के आरोप के प्रमाण मिलने पर पुलिस ने प्रेम रंगा पर आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

युवक से ठगे 13.46 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ साइबर ठगों ने टास्क पूरा करने का लालच देकर की धोखाधड़ी

साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर दुर्गा गार्डन छोटी लाइन निवासी रितिश कुमार से 13 लाख 46 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार दुर्गा गार्डन कॉलोनी निवासी रितिश ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 अक्तूबर 2024 को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज को ओपन किया तो वह एक टेलीग्राम गुरप से जुड गया। जहां पर टास्क को लेकर बातें हो रही थी। इस दौरान उसे भी टास्क पूरा करके अधिक प्रोफिट कमाने का लालच दिया गया। वह भी आरोपियों की बातों में आ गया। शुरू में उसे आसान टास्क दिए गए। जिनको उसने आसानी से पूरा कर लिया। इसके बाद उसके ऑनलाइन अकाउंट में प्रोफिट नजर आने लगा। इसके बाद आरोपियों ने उसे मुसकिल टास्क देने शुरू कर दिए। टास्ट देने के नाम पर उससे अकाउंट में पैसे जमा करने को कहा गया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके उनके द्वारा दिए गए अकाउंट में पैसे जमा करवा लिए। इस तरह आरोपियों ने 22 अक्तूबर 2024 से 18 दिसंबर 2024 तक उससे अलग-अलग करके 13 लाख 46 हजार रुपये जमा करवा लिए। जब वह प्रोफिट को अपने अकाउंट से निकालने लगा तो पैसे नहीं निकले। उसने इस बारे आरोपियों से बात कि तो उन्होंने उसे अकाउंट में ओर पैसे जमा करवाने को कहा। उसने पैसे जमा करवाने से मना कर दिया। जिसके बाद उसे गुरप से रिमूव कर दिया गया। जब उसने अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

आरटीई के तहत आवेदन की तारीख 25 अप्रैल हुई

अंबाला। आरटीई के तहत नर्सरी व पहली कक्षा में आवेदन के लिए निशुल्क दाखिले को लेकर शिक्षा निदेशालय ने समय सीमा 25 तक बढ़ा दी है। अब अभिभावक उज्ज्वल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में फार्म जमा करवा सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 21 अप्रैल थी। जिन निजी स्कूलों ने आरटीई नियम के तहत सीट की संख्या का ब्यौरा पोर्टल पर नहीं दिया है। उन निजी स्कूलों के एमआईएस पोर्टल को शिक्षा विभाग ने लॉक कर दिया है। आरटीई नियम में 25 प्रतिशत सीट का ब्यौरा न देने पर 84 निजी स्कूलों को विभाग की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

समाज को नई दिशा देने का काम कर रही हैं बेटियां : रेनू भाटिया

बेटियों के साथ रोजाना बढ़ रहीं आपराधिक घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के वुमेन स्टडी सेंटर के तत्वावधान में मंगलवार को लीगल, पोश व पोक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने कहा कि बेटियां शक्ति का रूप हैं। वे हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। यही वजह है कि आज बेटियां समाज को नई दिशा देने का भी काम कर रही हैं। मौके पर उन्होंने पौधारोपण भी किया। रेनू भाटिया ने कहा कि किशोरावस्था पार करने के बाद हर लड़की में अपना भला बुरा सोचने की समझ विकसित हो जाती है। इसलिए वे किसी के बहकावे में न आएं। जब लड़कियों की सुरक्षा की बात आती है, तो सबसे पहले उनके साथ हुए क्राइम की घटनाएं जहन में कौंधने लगती हैं।

■ डीएवी गर्ल्स कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

उन्होंने माना कि लड़कियों के साथ साल दर साल क्राइम की घटनाएं बढ़ रही हैं लेकिन थोड़ी सी जागरूकता व सतर्कता से उन पर अंकुश लगाया जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं के साथ हुए अत्याचारों का उदाहरण देते हुए उन्होंने छात्राओं को जागरूक भी किया। गुरूग्राम से आई एडवोकेट रितू कपूर ने कहा कि छात्राएं उम्र के जिस पड़ाव से गुजर रहीं हैं, वहां पर ज्यादा संभलने की जरूरत है। जो लड़के स्कूल व कॉलेज में पढ़ाई के दौरान लड़कियों को बहला फुसलाकर उनके साथ गलत काम करते हैं, उनका उद्देश्य शादी करना नहीं होता। कामकाजी महिलाओं को वर्कप्लेस पर सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से पोश एक्ट बनाया गया है। जबकि पोक्सो एक्ट के तहत नाबालिगों को सुरक्षा प्रदान की गई है। मौके पर वुमेन स्टडी सेंटर इंचार्ज डॉ.मोनिका शर्मा, डॉ.दीपिका घई, डॉ.रंजना, डॉ.अमनप्रीत कौर आदि मौजूद थे।

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

जारी रहेगी मुहिम

कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ.सुरिंद्र कौर ने कहा कि बेटियों को मां-बाप से ज्यादा कोई प्यार नहीं कर सकता। इसके लिए वे रोजाना हर बात अभिभावकों के साथ साझा करें। साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले 35 साल से वे छात्राओं को लड़कियों के साथ होने वाले क्राइम के प्रति जागरूक करने का काम कर रही हैं। यह मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

पीएचडी की छात्रा का लैपटॉप चोरी, आईजी को शिकायत के बाद केस दर्ज

मुलाना। एमएमडीयू मुलाना यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रही छात्रा अंवेशा देब ने अपने कमरे से लैपटॉप चोरी होने की शिकायत आईजी अंबाला रेंज को दी है।

त्रिपुरा की रहने वाली अंवेशा ने आरोप लगाया है कि 17 मार्च 2025 को दोपहर 12:50 बजे जब वह अपनी कक्षा से लौटकर कमरे पर पहुंची तो कमरे का दरवाजा टूटा हुआ मिला। चेक करने पर उसका लैपटॉप गायब था। अंवेशा ने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो उसमें एक व्यक्ति को चोरी करते हुए देखा गया। उन्होंने तुरंत पुलिस थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करानी चाही लेकिन वहां उनकी न तो शिकायत लिखी गई और न ही पुलिस का व्यवहार ठीक था। इस घटना से छात्रा डरी छात्रा ने उच्च अधिकारियों से मामले में कार्रवाई की मांग की।

खुद को पुलिस कर्मी बताने वाली गिरफ्तार, भेजी जेल

■ गुमशुदा लड़की को बरामद करके सकुशल परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने खुद को पुलिस कर्मचारी बताने वाली युवती को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पेहवा के एरिया वासी एक महिला ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी लडकी सिलाई का काम सीखने के लिए दुकान पर जाती है। इसी दौरान उसकी दोस्ती एक युवती से हुई जिसने अपने-आपको पुलिस कर्मचारी बताया था।

19 अप्रैल को वह घर से अपनी महिला पुलिस दोस्त के साथ गई थी लेकिन शाम तक वह घर वापस नही आई। जिसकी शिकायत पर थाना सदर पेहवा में मामला दर्ज करके जांच की गई। जांच के दौरान जब गुमशुदा लड़की की दोस्त से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह उसे छोड़कर अपनी ड्यूटी पर चली गई थी। ड्यूटी बारे पूछने पर युवती ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र के केयूके थाना में पुलिस कर्मचारी के तौर पर तैनात है। जांच करने पर पाया कि उस नाम की कोई भी महिला पुलिस कर्मचारी नहीं है।

शक के आधार पर युवती से पूछताछ की तो उसने सच्चाई बता दी। पुलिस टीम ने गुमशुदा लड़की को भी अम्बाला से बरामद करके सकुशल परिजनों को सौंप दिया। टीम ने खुद को पुलिस कर्मचारी बताने वाली पेहवा वासी युवती को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवती के बैग से पुलिस की वर्दी तथा वर्दी का अन्य सामान बरामद हुआ आरोपी युवती को अदालत में पेश करके कारागार भेज दिया है।

खबर संक्षेप

देसी कट्टा व जिंदा रौंद के साथ युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। सीआईए वन पुलिस टीम ने बीबीपुर यमुना घाट से एक युवक को गिरफ्तार कर उससे एक देसी कट्टा व जिंदा रौंद बरामद किया है। सिपाही जगीर सिंह ने बताया कि वह टीम के साथ देर शाम गश्त कर रहा था। इसी दौरान सूचना मिली कि बीबीपुर यमुना घाट के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। मौके पर जाकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी कट्टा व जिंदा रौंद बरामद हुआ। जिसने पूछताछ में अपनी पहचान घोड़ो पीपली के विशाल कुमार के रूप में बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

चोरों ने सूने घर से चुराए सोने के आभूषण

यमुनानगर। गांव शेरपुर में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर सोने के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव शेरपुर निवासी सुमन बाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 19 अप्रैल की सुबह वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई थी। करीब 11 बजे जब वह वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से सोने की दो लेडिज अंगूठी, एक जेंटस अंगूठी तथा सोने की बालियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मेयर ने सुंदर नगर में नालियों व गलियों के विकास कार्य का किया शिलान्यास

सुंदर नगर में 82.17 लाख रुपये में बनेंगी नालियां और गलियां: मेयर

मेयर बोली, जनता ने जिस उम्मीद से बनाई ट्रिपल इंजन की सरकार उस पर खरा उतरना हमारी प्राथमिकता

यमुनानगर। सुंदर नगर में गलियों-नालियों का शिलान्यास करती मेयर, विधायक व अन्य और रादौर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते चौराहे पर लगे गंदगी के ढेर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निकाय चुनावों में भाजपा को मिली भारी सफलता के बाद नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में नगर निगम के वार्ड नंबर नौ के सुंदर नगर में 82.17 लाख रुपये की लागत से विभिन्न गलियों व नालियों के निर्माण कार्य का मेयर सुमन बहमनी व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शिलान्यास व निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि गलियों का निर्माण होने से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को लाभ होगा और मानसून सीजन में कीचड़युक्त व क्षतिग्रस्त गलियों से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है। उस विश्वास पर सरकार पूरी तरह खरी उतरेगी। हमारा प्रयास है कि विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए। ताकि हर वर्ग को इसका लाभ मिले। मेयर बहमनी ने कहा कि केंद्र, राज्य और नगर निगम की सरकार समन्वय के साथ काम कर रही है। जिससे शहर का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर निगम के सभी 22 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किए जाएंगे। ताकि किसी भी क्षेत्र को उपेक्षित न महसूस हो।

उन्होंने सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं। बल्कि सरकार की प्राथमिकता है। हम इस नारे को धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं। हर गली व हर मोहल्ले तक विकास की रोशनी पहुंचे यही हमारा लक्ष्य है। विकास कार्यों में सड़कों की मरम्मत, जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, साफ. सफाई और पार्कों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनके सुझावों लेकर उनको भी योजनाओं में शामिल किया जा रहा है।

करोड़ों रुपये के करवाए जाएंगे विकास कार्य

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जाने है। निगम अधिकारियों द्वारा इनके एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं। कुछ विकास कार्य टेंडर प्रक्रिया में है। हम शहर में चल रहे विकास कार्यों को और अधिक विकसित और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बड़ा रहे है। जल्द ही हमारा नगर निगम क्षेत्र एक आदर्श विकसित शहर के रूप में उभरेगा।

इस मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार बेहतर काम कर रही है। देश व प्रदेश में सड़कों के जाल बिछाए जा रहे हैं। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार नए आयाम छू रही है। विकास कार्यों में कहीं भी गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पार्षद भावना बिट्टू, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू, रामनिवास गर्ग, मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, गिरीश पुरी, करनेश शर्मा, निगम अभियंता दीपक सुखीजा व कनिष्ठ अभियंता नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

सफाई कर्मियों की हड़ताल से रादौर में लगे गंदगी के ढेर

रादौर। डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों को महीनों से वेतन न मिलने पर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में पिछले तीन दिनों से रादौर में डोर टू डोर कूड़ा न उठाए जाने से स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। लोगों के घरों में भीषण गर्मी के चलते कूड़े के ढेर लग गए हैं। मजबूरी में लोग अपने घरों का कूड़ा शहर की गलियों व चौराहों पर फेंकने के लिए मजबूर हो गए है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि मंगलवार को नपा अधिकारियों की ओर से हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारियों को जल्द उनका वेतन दिलवाए जाने का आश्वासन दिया गया। अब देखना है कि अधिकारियों के आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारी काम पर लौटते हैं या नहीं। यदि सफाई कर्मचारी काम पर नहीं लौटे तो शहर में सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा जाएगी। सफाई कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें दो महीने से ठेकेदार द्वारा वेतन नहीं दिया गया है। जबकि ठेकेदार को भी नगरपालिका से चार से पांच महीने की राशि नहीं मिल पाई है। वेतन न मिलने से उन्हें अपने परिवारों का गुजारा चलाना मुश्किल हो गया है। उनकी मांग है कि जल्द से जल्द उन्हें वेतन दिलवाया जाये। सीएसआई गोविंद शर्मा ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया गया है कि उनका वेतन उन्हें जल्द दिलवा दिया जाएगा। बुधवार से सफाई कर्मचारी शहर में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने का कार्य शुरू कर देंगे।

अवैध खनन: 3943 वाहन जांचें 2 किए सीज, 4.26 लाख जुर्माना

- अवैध खनन के विरूद्ध उठाए जा रहे हैं कड़े कदम: डीसी
- आमजन हेल्प लाइन नंबर पर दें अवैध खनन की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा लगातार इस पर नजर बनाई हुई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मुताबिक विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बीती रात जिले में जिला में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा कुल 3943 वाहनों की चैकिंग के दौरान 2 वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 2766 वाहनों की चैकिंग कर 2 वाहनों को सीज किया गया और 4 लाख 26 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 482 वाहनों की चैकिंग की गई।

उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 609 वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन का चालान कर 5500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 386 वाहनों की चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात चैकिंग की जा रही है। डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है । ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

संजीदगी के साथ की जा रही है मॉनिटरिंग

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है।

जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं। वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने लोगों को आहवान किया कि अवैध खनन की शिकायत दर्ज करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

वक्ताओं ने बच्चों को बताया अर्थ दिवस का महत्व

- महाराणा प्रताप स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, प्रबंधक मास्टर साहब सिंह बच्चों को पर्यावरण के बारे में दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को अर्थ-डे के महत्व से अवगत करवाया गया। स्कूल प्रबंधक मास्टर साहब सिंह ने कहा कि दिन प्रतिदिन वनों के अंधाधुंध कटाव से प्रकृति का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी को बड़ा नुक्सान उठाना पड़ेगा। इसके लिए हमें सचेत हो जाना चाहिए। उन्होंने पृथ्वी को संरक्षित करने के इन प्रयासों के लिए विद्यार्थियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अपनी धरती को सुरक्षित बनाना हम सबका कर्तव्य है । इसलिए हमें इस संदेश को जन जन तक पहुंचाना है। ताकि अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएं व इसके महत्व को समझाकर लोगों को जागरुक किया जाए। मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पहली व दूसरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने अर्थ-डे पर कविता प्रस्तुत कर सभी को पृथ्वी की महानता से अवगत करवाकर भाव विभोर कर दिया। वहीं, तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रिसाइकिल किए जा सकने वाले कागज से दस्तावेज आयोजकों को तैयार करके अपनी रचनात्मकता और संसाधन कुशलता का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि ने प्रभावी ढंग से प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करने और ग्रह को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। छठी और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पुर्ननवीनीकरण सामग्री से मंत्रमुग्ध कर देने वाली वॉल हैंगिंग डिजाइन करके अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। जबकि आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने जैविक सामग्री का उपयोग करके प्रकृतिक व सुंदर गुलदस्ते तैयार कर प्रकृति के प्रति अपने प्रेम का प्रदर्शन किया। इसी तरह नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने गहन संदेशों के साथ विस्मयकारी पोस्टर डिजाइन करके अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अर्थ-डे पर मंत्रमुग्ध कर देने वाले नारे लिखे। मौके पर बच्चों ने पौधारोपण भी किया।

होली मदर स्कूल में बच्चों ने चित्रकारी से दिया धरती को बचाने का संदेश

यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल कांसापुर में मंगलवार को धरा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने जहां चित्रकारी कर अपनी धरा को बचाने का संदेश दिया वहीं पोस्टर व पीपीटी के माध्यम से सभी को जागरूक भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने किया। उन्होंने सभी बच्चों को धरा दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज हमारी इस धरती पर कई तरह के प्रदूषण तेजी से फैल रहे हैं। यदि हमने इन पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया तो आने वाले कल में हमें इसके भीषण परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने सभी से आह्नान किया कि वे अपनी इस धरा को बचाने में जिस भी तरह से सहयोग कर सकते हैं, अवश्य करें।

- पृथ्वी पर आज तेजी से फैल रहे कई प्रकार के प्रदूषण, हम सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता: जीएल शर्मा

कार्यक्रम में नर्सरी से केजी कक्षा तक के बच्चों ने अपने हाथों के इंप्रेशन से पेड़ बनाकर सभी को पेड़ लगाने का संदेश दिया। दूसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने पोस्टर बनाकर निरंतर फैल रहे प्रदूषण को कम करनेए सफाई अभियान चलाने, पानी को गंदा होने से बचाने का संदेश दिया। इसके अलावा नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने कंप्यूटर के माध्यम से पीपीटी प्रस्तुत कर धरा को बचाने के तरीके सांझा किए। स्कूल प्राचार्या मोनिका कश्यप ने बच्चों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की तथा उनके द्वारा सुझाए गए उपायों को सभी को अपनाने का आह्नान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में किसी भी तरह से प्रतिभा की कमी नहीं है। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन दिया जाए तो वे किसी भी क्षेत्र में अपनी छवि को उजागर करने में पीछे नहीं रहते।

प्रदूषण से बचाना हम सभी का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

न्यू हैप्पी शिक्षण संस्थानों में विश्व धरा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को धरती को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। इस दौरान न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल व न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में मंगलवार को धरा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने जहां पोस्टर बनाकर अपनी धरा को बचाने का संदेश दिया वहीं भाषण के माध्यम से सभी को जागरूक भी किया।

शुभारंभ चेयरमैन जीएस. शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि आज हमारी इस धरती पर कई तरह के प्रदूषण तेजी से फैल रहे हैं। यदि हमने इन पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया तो आने वाले कल में हमें इसके भीषण परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि वे अपनी इस धरा को बचाने में जिस भी तरह से सहयोग कर सकते हैं। प्राचार्या कमलेश सिक्का ने बच्चों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की तथा उनके द्वारा सुझाए गए उपायों को सभी को अपनाने का आह्नान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में किसी भी तरह से प्रतिभा की कमी नहीं है।

यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल के कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

न्यू हैप्पी स्कूल सुढ़ैल में मनाया धरा दिवस

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में अर्थ डे उत्साह से मनाया गया। प्राचार्या तोशल वधवा ने बताया कि किंडरगार्टन सेक्शन के नन्हे मुन्ने बच्चों ने हरे रंग की वेशभूषा पहनकर ग्रीन कॉस्ट्यूम परेड में भाग लिया। विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कांग्रेस एकजुटता से प्रदेश में जनता के हितों की रक्षा के लिए कर रही है काम

रादौर। कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कांग्रेस के सच और भाजपा के झूठ अभियान के तहत पार्टी द्वारा रादौर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व में रादौर विधानसभा से प्रत्याशी रहे सुरेश ढांडा ने की। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस पार्टी एकजुटता से जनता के हकों की रक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला बेबुनियाद है। भाजपा सरकार देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश करती है। परंतु राहुल गांधी की बात जनता के हकों की आवाज है। ढ़ांडा ने कहा कि प्रदेश में भी कानूनी व्यवस्था ठप पड़ी है। जनता में भय का माहौल है। मगर सरकार मौन साधे हुए है। झल किसान व मजदूर गेहूं की फसल को खेतों से समेटने में व्यस्त हैं। मगर दुख इस बात का है कि किसानों की मेहनत की कमाई अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ी सड़ रही है। कुमारी शैलजा निरंतर प्रदेश व प्रदेशवासियों के हितों की आवाज को सड़क से लेकर विधानसभा औक संसद तक बुलंद कर रही है।

होल्कर ने विषम परिस्थितियों में समाज को दी नई दिशा

- राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जगाधरी वर्कशॉप में कार्यक्रम

यमुनानगर। सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के त्रिशताब्दी जयंती वर्ष में किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में जगाधरी वर्कशॉप स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में समरसता मंच की जिला महिला आयाम प्रमुख नीरू चौहान ने भाग लिया। बच्चों के साथ समरसता मंच के सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर लोकमाता अहिल्या बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

समरसता मंच की जिला महिला आयाम प्रमुख नीरू चौहान ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने जीवन में विपरीत परिस्थितियों के होते हुए भी समाज को एक नई दिशा प्रदान की। महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत ही उत्तम कदम उठाए। विधर्मी कौम को अपने साम्राज्य एवं देश के ऊपर हावी नहीं होने दिया। जिला संयोजक सामाजिक समरसता मंच के रविंद्र सैनी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने विधर्मियों द्वारा तोड़े गए मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया। मौके पर युवा प्रांत टोली सदस्य मीनू, प्रधानाचार्य विजय, अध्यापक सोहन लाल, मनदीप सैनी व रवि इत्यादि मौजूद रहे।

यमुनानगर। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता।

गिरते लिंगानुपात को बचाने को लेकर एसएमओ ने दिए आवश्यक सुझाव

रादौर। रादौर के आंगनबाडी केंद्र पर मंगलवार को प्रदेश में गिरते लिंगानुपात को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसएमओ डॉ. विजय परमार व दंत चिकित्सक डॉ.पल्लवी मार्या विशेष रूप से उपस्थित हुए। एसएमओ डॉ.विजय परमार व दंत चिकित्सक डॉ.पल्लवी मार्या द्वारा आंगनवाड़ी सुपरवाइजर वंदना, शिवानी व ललतेश की मौजूदगी में सभी आंगनवाड़ी वर्कर के साथ गिरते लिंगानुपात पर विचार विमर्श किया गया। पिछले तीन वर्ष का लिंग अनुपात का रिकार्ड सबके साथ साँझा किया। आंगनवाड़ी वर्कर्स अपने-अपने एरिया में खास ध्यान रखें कि किस प्रकार से इस संबंध में निगरानी रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई अल्ट्रासाउंड सेंटर गैरकानूनी रूप से लिंग की जांच करता हो, कोई चिकित्सक, गैरकानूनी रूप से एमटीपी, गर्भपात करता हो, कोई चिकित्सक लड़का होने की शर्तिया दवाई इत्यादि देता हो या कोई गैरकानूनी अल्ट्रासाउंड सेंटर तो नहीं चल रहा है।

चोरों ने जिला सिविल अस्पताल से पानी की आठ टंकियां चुराई

- अस्पताल की छत पर रखी थी पानी की टंकियां

यमुनानगर। सिविल अस्पताल की उप सिविल सर्जन डॉ. सुशीला ने बताया कि जिला सिविल अस्पताल के एडमिन ब्लॉक की छत पर पानी की एक हजार लीटर की सात टंकियां तथा दो हजार लीटर की एक प्लास्टिक की टंकी रखी हुई थी। चोरों ने सभी टंकियों को चोरी कर लिया। जब अस्पताल में पानी सप्लाई बाधित होने पर जांच की तो घटना का खुलासा हुआ। जिसकी सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

किसान सभा ने वेंस वापिस जाओ के नारे लगाकर किया विरोध

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय आह्वान के तहत गांव चमरोड़ी में देर रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के विरोध में पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

गांव कमेटी प्रधान वेदपाल व सचिव संजय सिंह ने कहा कि पीएम ने अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के हुक्म के आगे घुटने टेक दिए हैं। कृषि सहित अमेरिकी उत्पादों के लिए टैरिफ और गैर टैरिफ बाधाओं को कम करने की योजना पर आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने जोर देकर कहा कि भारत को अपना कृषि बाजार खोलना चाहिए और द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत में कृषि को बाहर नहीं रखा जा सकता। गांव में वैंस वापस जाओ, भारत बिकाऊ नहीं है का नारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। अमेरिकी उपराष्टपति 21 अप्रैल को भारत आए हैं।

जिला सचिव महिपाल ने कहा कि चर्चा के अंतर्गत द्विपक्षीय व्यापार समझौता डेयरी किसानों के लिए मौत की घंटी साबित होंगे, क्योंकि यदि टैरिफ और बाजार प्रतिबंध हटे तो भारत को अमेरिकी डेयरी निर्यात में भारी उछाल आएगा। अमेरिकी वीट एसोसिएट्स का दावा है कि भारत में घरेलू समर्थन का स्तर ऊंचा है और व्यापार को विकृत करने वाले ऊंचे शुल्क हैं। विडंबना यह है कि यह तब है जब भारत में किसान कानूनी रूप से गारंटीकृत खरीद के साथ लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मक्का के मामले में, आनुवंशिक रूप से संशोधित मक्का के साथ-साथ इथेनॉल पर भारत के आयात प्रतिबंध को हटाने का दबाव है, जिससे अमेरिका को लाभ होने की उम्मीद है। सोयाबीन, बादाम, पिस्ता, अखरोट, सेब और बागवानी की फसलें सभी अमेरिका स्थित कमोडिटी कार्टेल के इशारे पर बातचीत के लिए तैयार हैं। चल रही व्यापार वार्ता एक जानबूझकर की गई चाल है ताकि अमेरिका से सस्ता गेहूं, कपास, सोयाबीन, मक्का, सेब, पशु पोल्ट्री-मछली उत्पाद आदि भारत में डंप किया जा सके। जिससे बाजार में भारी गिरावट आएगी। इससे देश के किसानों के लिए कीमतों में गिरावट आएगी।

केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि ये सभी वार्ताएं राज्य सरकारों या संसद को विश्वास में लिए बिना की जा रही हैं। ऐसे समझौते अंतरराष्टीय श्रम मानकों के क्रियान्वयन का आश्वासन भी नहीं देते। अमेरिका के उपराष्टपति जेडी वेंस की भारत यात्रा भारत सरकार व कॉरपोरेट नेतृत्व वाले शासक वर्गों पर दबाव डालने का एक हिस्सा है। जिसके खिलाफ किसान सभा किसानों व खेत मजदूरों को एकजुट कर जगह-जगह विरोध प्रदर्शनों का आयोजन करेगी। इस मौके पर यशपाल, सुरेश, वेदवती, शोभा, सुखबीर, नरेश, रामफल, सावन खान इत्यादि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

मनदीप कौर बनी सिंचाई विभाग में एसडीओ

कुरुक्षेत्र। खिड़की वीरान गांव की मनदीप कौर पुत्री सालिंदर फौजी गांव सूरजगढ़ इस्माईलाबाद की सिंचाई विभाग में एसडीओ के पद पर नियुक्त होने पर गांव में खुशी का माहौल है। मनदीप कौर सैनी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। प्रदेश सरकार द्वारा कौर सैनी को सिंचाई विभाग में सब डिविजनल ऑफिसर (एसडीओ) के पद पर नियुक्त किया गया है।

स्टेम सेल दाता पंजीकरण शिविर का आयोजन

थानेसर। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस यूटीडी इकाई 3 और यूथ सोशलग्राम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दात्री संस्था के सहयोग से स्टेम सेल पंजीकरण शिविर का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ कार्यालय के निकट आईसीएच कैंटीन के पास किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया और स्टेम सेल दान के प्रति जागरूकता दिखाई।

कुवि ने घोषित किए 16 परीक्षाओं के परिणाम

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 16 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एलएलएम तीसरा सेमेस्टर सीबीसीएस, एम.टेक इलेक्ट्रिकल पावर सिस्टम पहला सेमेस्टर, एम.ए. (इतिहास) पहला सेमेस्टर (पुनः उपस्थिति) आईयूएमएस, एम.टेक (रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तीसरा सेमेस्ट आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए।

यूजीसी नेट परीक्षा उतीर्ण करने की सीखी बारीकियां

कुरुक्षेत्र। जीवन में सफलता प्राप्त करने में लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की भावना आवश्यक है। यह विचार वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर महाबीर नरवाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा यूजीसी नेट तैयारी पर आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में व्यक्त किए। प्रो. महाबीर नरवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एम.कॉम प्रथम और अंतिम वर्ष छात्रों को यूजीसी नेट परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मूल्यवान सुझाव और तरकीबों को बताना था।

डीएलएसए में लगाया गया हैल्प डेस्क

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि 10 मई 2025 को होने वाली लोक अदालत के बारे में जागरूक करने के लिए कोर्ट परिसर, लघु सचिवालय, उपभोक्ता फोरम में हेल्प डैस्क लगाया गया है।

पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर जिलेभर में कार्यक्रमों का किया आयोजन

रैली निकालकर दिया पर्यावरण की रक्षा का संदेश

- कक्षा प्री नर्सरी से द्वादश तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया
- 'धरती माता करे पुकार, वृक्ष लगाओ बार बार ' नारे लगाए
- विद्यार्थियों ने बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट, प्रतियोगिता में भाग लेकर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में पृथ्वी दिवस के अवसर दो दिवसीय गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस कक्षा स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा प्री नर्सरी से द्वादश तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। द्वितीय दिवस विद्यालय में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए रैली का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा षष्ठम से अष्टम के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा 'धरती माता करे पुकार, वृक्ष लगाओ बार बार 'जैसे नारों से आसपास के सभी लोगों को पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। रैली को रवाना करने के लिए डॉ अदित सिंह वर्मा प्रेसिडेंट भगवती वेल्फेयर सोसाइटी, प्रीती वर्मा प्रेसिडेंट आईना तथा डॉ चित्रा आनंद शिक्षाविद् विशिष्ठ अतिथि के रूप में विद्यालय में उपस्थित रहे। षष्ठम से अष्टम के विद्यार्थियों ने बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट, प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा षष्ठम से हार्दिक वर्मा प्रथम, भुवन द्वितीय, हरमन तृतीय स्थान पर रहे तथा देव और समर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा सप्तम से रवनीत प्रथम, लक्षिता द्वितीय, कीर्ति तृतीय स्थान पर रहे तथा अर्शदीप ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा अष्टम से आन्या प्रथम, खुशी द्वितीय, वर्षा तृतीय स्थान पर रहे तथा उन्नति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा नवम से द्वादश के विद्यार्थियों ने स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नवम से सुरभि प्रथम, रिदम द्वितीय, महक तृतीय स्थान पर रहे तथा प्रिंसी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा दशम से अनुष्का और अक्षरा प्रथम, महक द्वितीय, कार्तिक तृतीय स्थान पर रहे तथा समक्ष और अवयजीत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। यह पुरस्कार भगवती वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से प्रदान किए गए। इस अवसर पर अध्यापक गुलशन लाल ने पृथ्वी दिवस के महत्त्व को विस्तार से बताते हुए बहुत ही सुंदर कविता प्रस्तुत की। कक्षा एकादश की छात्रा वंशिका शर्मा ने भी अपने विचार सबके साथ साँझे किए। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया तथा पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन हमें ग्लोबल वार्मिंग के बारे में पर्यावरणविदों के माध्यम से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है। पृथ्वी दिवस जीवन संपदा को बचाने व पर्यावरण को ठीक रखने के बारे में जागरूक करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसके साथ उन्होंने विद्यालय में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का विद्यालय में पहुंचने तथा विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के लिए धन्यवाद किया। धन्यवाद स्वरूप सभी विशिष्ट अतिथियों को प्रशस्ति पट्टिका एवं स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, मीनाक्षी, सीमा, नैंसी, परमज्योति, नीतू, सोनिया, प्रियंका, पायल, हरिंदर, मधु, पूनम, रिहाना, आशा, अंजलि, मोनिका, कोमल, तिलेशा, रीना, स्वाति, स्नेह, रेनू, गीता, अध्यापक जसमेर, ईशांत, शक्ति प्रकाश सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

धरती बचाओ, जीवन बचाओ पर नाटक प्रस्तुत

कुरुक्षेत्र। किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पार्षद दुष्यंत बक्शी एवं सेवानिवृत्त डिप्टी रेंज ऑफिसर कश्मीरी लाल द्वारा पौधरोपण कर तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण-संरक्षण का संकल्प दिलवाकर किया गया। मुख्य अतिथियों ने छात्रों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और प्लास्टिक के उपयोग को त्यागने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि धरती हमारी एकमात्र आश्रय स्थली है, और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व पृथ्वी दिवस हमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जैव विविधता हानि और संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी समस्याओं की याद दिलाता है। यह दिन हमें ऊर्जा एवं जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के विकल्पों का प्रयोग और वृक्षारोपण जैसे उपायों के प्रति जागरूक करता है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सेक्टर-3 स्थित पार्क में नीम, पीपल एवं आम के पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुनीता रानी ने कहा, 22 अप्रैल को पूरी दुनिया मिलकर धरती को सम्मान देने और इसके संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने का संकल्प लेती है। विद्यालय प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने अपने संबोधन में कहा, पृथ्वी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि आज उठाए गए छोटे-छोटे कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा फर्क ला सकते हैं। बच्चों ने धरती बचाओ, जीवन बचाओ नामक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसे रवीन मैम द्वारा तैयार कराया गया था। इसके अलावा छात्रों ने प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किए।

पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में संचालित अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, धरती मां की स्वच्छता व पृथ्वी को बचाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारी एकमात्र रहने योग्य जगह है और हमें इसे बचाना चाहिए , यह दिवस हमें याद दिलाता है कि अगर हम आज नहीं जागेंगे तो भविष्य में पृथ्वी रहने लायक नहीं बचेगी। इस दिन का महत्व तभी सार्थक होगा जब हम पूरे वर्ष पृथ्वी की रक्षा के लिए प्रयास करते रहेंगे। हमें प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए, जल और ऊर्जा की बचत करनी चाहिए तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। आचार्य रेखा द्वारा प्राथमिक विभाग के बच्चों को प्लास्टिक प्रयोग न करने, प्रदूषण कम करने, वृक्षारोपण करने व धरती मां को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कलेर, उपाध्यक्ष जितेंद्र जांगडा, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल व सौरभ त्रिखा, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी ने सभी को पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दी व अपने पर्यावरण, पृथ्वी को स्वच्छ व स्वस्थ रखने की प्रेरणा दी।

पोस्टर प्रतियोगिता से छात्रों ने पृथ्वी बचाओ का दिया संदेश

कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना था। पर्यावरण के खिलवाड़ के चलते दशकों से पृथ्वी की सेहत बहुत पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना सत्र में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।मां सरस्वती की वंदना के पश्चात विद्यालय आचार्य नीलम ने पृथ्वी दिवस के बारे में बताया कि पृथ्वी दिवस की शुरूआत 1970 में हुई थी। इस दिन को मनाने के पीछे मूल भावना यह है कि पृथ्वी के बिगड़ते स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए हम सभी सचेत हो और उन बातों का ख्याल रखें जिससे पृथ्वी की सेहत बेहतर हो। वंदना सत्र में छात्रों के द्वारा पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कविता गायन भी किया गया ।कक्षा तृतीय से अष्टम तक के छात्रों ने पृथ्वी दिवस पर पोस्टर बनाएं जिन के माध्यम से छात्रों ने पृथ्वी बचाओ अभियान का संदेश दिया।विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने सभी को पृथ्वी दिवस की बधाई दी एवं छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हम अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए इतना जरूर करें कि पॉलीथिन के उपयोग को नकारे। कागज व्यर्थ ना करें और अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं।

सतलुज स्कूल में पोस्टर मेकिंग में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

शाहबाद। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से बारहवीं तक के लगभग 270 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ आरएस. घुम्मन के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। प्रतियोगिता में छठी क्लास की मन्नत प्रथम, चिराग द्वितीया, चहक तृतीया, सातवी कक्षा में दीक्षा प्रथम, जस्प्रीत द्वितीया, सिद्धार्थ तृतीया,आठवीं कक्षा में संजना प्रथम ,मीनल द्वितीया, नव्या व दिव्यांशी तृतीया ,नवी कक्षा में वंदिता प्रथम, प्रियांशी द्वितीया सिमरन तृतीया, दसवीं कक्षा में राधा प्रथम 11वीं कक्षा में गीतिका प्रथम रही।

गीता विद्या मंदिर में मनाया पृथ्वी दिवस

शाहबाद। गीता विद्या मंदिर में पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम प्रधानाचार्य निशा गोयल द्वारा बच्चों के साथ पौधारोपण किया गया। प्रधानाचार्य निशा गोयल ने कहा कि आज पृथ्वी दिवस है अर्थात पृथ्वी और इसके पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेने का दिन हर साल 22 अप्रैल को दुनिया भर में इसे मनाया जाता है। 1960 के दशक में विकास की होड़ में पेड़ काटे जाने लगे थे। पृथ्वी को बचाने के लिए 1970 के दशक में पृथ्वी दिवस की शुरूआत हुई। बच्चों ने इस अवसर पर कविता कहानी व भाषण दिया। कुछ बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर चित्र भी बनाए। कक्षा पहली की अवनी और मानवी ने दूसरी कक्षा से अनिका, ख्याति तीसरी से खनक, हरजोत पांचवी कक्षा से परी और मुस्कान, सातवीं कक्षा से दीपिका ने इसमें विशेष रूप से भाग लिया।

मस्तिष्क का ध्यान रखना सीख लिया तो स्वस्थ-निरोग हो जांएगे : स्वामीनाथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- वाह जिंदगी वाह' कार्यक्रम के तीसरे दिन 'मस्तिष्क का नियंत्रण कैसे करें' विषय पर दिए गुर

ब्रह्माकुमारीज : मुख्यालय माउंट आबू से पधारे अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर राजयोगी डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने बताया कि मेडिकल विज्ञान के अनुसार अगर हमने मस्तिष्क का ध्यान रखना सीख लिया, तो स्वस्थ और निरोग हो जाएगें। मन में संकल्प कर हम जीवन में हर मुकाम हासिल कर सकते हैं। वे मंगलवार को ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में चल रहे 8 दिवसीय कार्यक्रम 'वाह जिंदगी वाह' के तीसरे दिन 'मस्तिष्क का नियंत्रण कैसे करें,' विषय पर जीवनयापन के अहम गुर दे रहे थे।ब्रह्माकुमारीज शाहाबाद एवं समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ शाहाबाद नगरपालिका के प्रधान गुलशन कवातरा, भारत विकास परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी परमजीत पाहवा, नगर पालिका सदस्य ईशु सचदेवा, नर नारायण सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष मुनीश भाटिया, इनरव्हील क्लब की प्रधान रेणु वधवा, केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी.के. नीति दीदी व नीजा दीदी ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सभी को म्यूजिकल एक्सरसाइज भी करवाई गई। डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने 'मस्तिष्क का नियंत्रण कैसे करें' विषय पर अहम गुर देते हुए कहा कि राजयोग ध्यान प्रकिया से हम अपने मस्तिष्क को शान्त, स्थिर एवं हल्का बना सकते हैं। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर पवन परूथी, राम किशन हसीजा, जगदीश सभ्रवाल, विक्की सेठी, सुनील गुप्ता, पवन गुप्ता, गोपाल गुप्ता, सुरेश शर्मा, बलदेव राज सेठी, बलदेव खुराना, पवन शर्मा, पार्वती, शोभा बहन, किरण बहन, कंवर पाल, अनिता आदि मौजूद रहे।

फ्लैट स्टील आयात पर 12% सेफगार्ड ड्यूट200 दिनों तक प्रभावी रहेगी

कुरुक्षेत्र। केंद्र सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग की सुरक्षा के लिए फ्लैट स्टील उत्पादों के आयात पर 12% सेफगार्ड ड्यूटी लगा दी है, जो 21 अप्रैल से अगले 200 दिनों तक प्रभावी रहेगी। इस कदम का उद्देश्य चीन, दक्षिण कोरिया और जापान से सस्ते स्टील आयात को नियंत्रित करना है, जिससे घरेलू इस्पात निमार्ताओं को राहत मिले। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज द्वारा की गई जांच में पाया गया कि उपरोक्त देशों से स्टील आयात से घरेलू उद्योग को ह्यगंभीर नुकसानह्न हो रहा था। गौरतलब है कि भारत, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक देश है, वित्त वर्ष 2024-25 में तैयार स्टील का शुद्ध आयातक देश बन गया और कुल आयात 95 लाख टन के साथ 9 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सरकार के इस फैसले का भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) और देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने स्वागत किया है। भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष और जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मील का पत्थर करार दिया है।

3 एकड़ में अवैध निर्माण को किया नष्ट

- जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार थानेसर में राजस्व संपदा थानेसर में लगभग 3 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के गांव बजीदपुर में लगभग 2 एकड़ व थानेसर के गांव धुराला में लगभग 1 एकड़ में पनप रही दो अवैध कॉलोनियों में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने थानेसर में राजस्व संपदा थानेसर में 3 एकड़ में पनप रही दो अवैध कॉलोनी में कच्ची सड़कों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा थानेसर के गांव बजीदपुर में लगभग 2 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी तथा थानेसर के ही गांव धुराला में लगभग 1 एकड़ में एक अवैध कालोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

कार्यक्रम पूर्व राज्यमंत्री ने गांव पिंडारसी से साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को कैथल जिला के लिए किया रवाना

साइक्लोथॉन में महिलाओं ने हरियाणवी लोकगीत गाते हुए स्वागत किया और नशे के विरुद्ध अभियान चलाने का संकल्प लिया

नशा तस्करों को अब छोड़नी होगी हरियाणा प्रदेश की सरहदें : सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नशा तस्करों को अब हरियाणा प्रदेश की सरहदें छोड़नी होगी, क्योंकि अब सरकार एक-एक जिले में नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर नजर रखे हुए है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं प्रत्येक जिले से नशा कारोबार से जुड़े लोगों की फीडबैक ले रहे है। यह प्रदेश जल्द ही ड्रग फ्री प्रदेश बनेगा। अहम पहलू यह है कि प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए हर व्यक्ति को बिना डर के आगे आना होगा और जो भी व्यक्ति नशा बेचने वालों में शामिल हैं, उनके खिलाफ पुलिस को शिकायत देनी चाहिए। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को गांव पिंडारसी में आयोजित साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा के कैथल रवाना के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजिंद्र सिंह गोल्डी, एसडीएम अमन कुमार, डीएसओ मनोज कुमार ने साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को हरी झंडी देकर कैथल जिला के लिए रवाना किया। इससे पहले साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का कुरुक्षेत्र से पिंडारसी पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस साइक्लोथॉन में महिलाओं ने हरियाणवी संस्कृति और परम्परा के अनुसार हरियाणवी लोकगीत गाते हुए स्वागत किया और नशे के विरुद्ध अभियान चलाने का संकल्प लिया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के साथ एएसपी, एसडीएम ने ड्रग्स मुक्त हरियाणा बनाने के लिए नमक जत्था लोटा में लिया हिस्सा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष तजिन्द्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद चेयरमैन कमलजीत कौर, एएसपी मनप्रीत सिंह सूदन, एसडीएम अमन कुमार, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विकास कुमार, सरपंच अनिल कुमार, सुरेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

कुवि में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह 25 को, केंद्रीय मंत्री होंगे मुख्य अतिथि : कुंडली

- समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह

कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 25 अप्रैल शुक्रवार आयोजित संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सर्किट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली ने बताया कि 25 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले होंगे। रवि सोनू कुंडली ने कहा कि समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। प्रदेश के मीडिया प्रभारी अश्वनी वालिया ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र व अन्य क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है और लोगों को पार्टी की नीतियों के बारे अवगत करवाया जा रहा है।

खबर संक्षेप

खून की कमी से होती कई बीमारियां

नारायणगढ़। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि एनीमिया यानी शरीर में खून की कमी होने से कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी हो जाती है। आयरन व विटामिन बी 12, फोलिक एसिड की कमी से एनीमिया होता है। अगर समय रहते इस ओर ध्यान दिया जाए तो उन समस्याओं से बचा जा सकता है। महिलाएं और किशोरियां जागरूकता के अभाव के कारण एनीमिया की शिकार होती हैं। एनीमिया यानी खून की कमी इसके मुख्यतः तीन कारण है पहले है रक्त कोशिकाओं में आयरन की कमी जिसमें रक्त कोशिकाएं अपने साइज से छोटी हो जाती हैं।

विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधे लगाने का लिया संकल्प

नारायणगढ़। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रधानाचार्या राजेंद्र कौर की अध्यक्षता में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस पर यह संकल्प लें कि इस धरती पर हम अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे बल्कि उनकी देखभाल करेंगे। उन्होने यह भी कहा कि प्रदूषण न फैले इसमें अपना सहयोग देंगे।

किडनी रोगों की दी जानकारी

शहजादपुर। राजकीय महिला महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस के तत्वावधान में दो विस्तार व्याख्यानों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। प्रथम व्याख्यान में किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिल ने किडनी की समस्याओं और पथरी बनने के कारणों, लक्षणों व बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उचित आहार, नियमित व्यायाम और जल की पर्याप्त मात्रा के सेवन पर जोर दिया। द्वितीय व्याख्यान में न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. स्वाति ने मिरगी और अधरंग के लक्षणों, कारणों और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बीएसएनएल ने ग्राहक मेला लगाया

नारायणगढ़। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की तरफ से मंगलवार को ग्राहक सेवा माह के अंतर्गत सेवा मेला आयोजित किया गया। इस मेले का उद्देश्य बीएसएनएल की विभिन्न सेवाओं की जानकारी ग्राहकों तक पहुंचाना रहा। इस मेले में वरिष्ठ बीजेपी नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी मुख्य अतिथि थे। बीएसएनएल की ओर से प्रधान महाप्रबंधक कृष्ण बिहारी मीणा, उप-महाप्रबंधक संजीव जैन, सहायक महाप्रबंधक अवतार सिंह एवं अन्य मौजूद रहे।

अर्थ डे पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के इको क्लब, जूलॉजी विभाग, एसडीजी क्लब और बायोलॉजी एसोसिएशन के सहयोग में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा, हमें अपनी पृथ्वी की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए। क्लब के इंचार्ज डॉक्टर कुलदीप यादव ने कार्यक्रम के दौरान ग्लोबल वार्मिंग पर व्याख्यान का आयोजन किया।

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पंप हाउस और पाइप लाइन के कार्य का किया शुभारंभ

पॉश कॉलोनियों में बरसाती पानी से मिलेगी राहत, 8 करोड़ की योजना का शिलान्यास

बहबलपुर वाले मामले में विस्तार से दी सफाई, कहा कुछ लोग रच रहे हैं सियासी साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला। विकास कार्यों का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य व डीसी को भेजी शिकायत दिखाते सरपंच प्रतिनिधि। *फोटो: हरिभूमि*

बरसाती सीज़न से पहले अंबाला शहर के लिए राहत की खबर आई है। नायब सरकार के कार्यकाल में विकास के पथ पर अग्रसर अंबाला शहर को एक बार फिर करोड़ों रुपये की सौगात मिली है। इनका शिलान्यास मंगलवार को पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने किया। अंबाला शहर को जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलवाने की दिशा में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भी अंबाला शहर को बड़ी सौगात मिली। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने शहर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौक के नज़दीक लगभग 6.83 करोड़ की लागत से बनने वाले पंप हाउस के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही लगभग 1.41 करोड़ की लागत से 600 एमएम डीआई पाइप लाइन बिछाने के कार्य का भी शिलान्यास पूर्व मंत्री द्वारा किया गया। असीम गोयल ने बताया कि यह प्रोजेक्ट शहर के बड़े इलाके को बरसाती सीज़न में राहत प्रदान करेंगे। पानी निकासी की व्यवस्था को सुधारने की दिशा में यह प्रोजेक्ट अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा,डिप्टी मेयर राजेश मेहता,सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा, निगम सदस्य मनीष आंनद,सरदूल सिंह,फकीर चंद,यतिन बंसल, हितेश जैन, राकेश सिंगला,जसबीर सिंह, शोभा पुनिया, सुरेश सहोता, मंडल अध्यक्ष गुरविंदर मानकपुर, भाजपा नेता गुरप्रीत सिंह शाना, संजीव गोयल, अनिल गुप्ता व सेक्टरों से संबंधित अलग अलग एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं सदस्य मौजूद रहे।

अपने खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र बताया

गांव बहबलपुर के तीन लोगों द्वारा पूर्व राज्य मंत्री पर लगाए गए आरोपों के मामले में असीम गोयल ने अपनी प्रतिक्रिया दी। गोयल ने इस मामले को अपने विरुद्ध राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया। गोयल ने कहा कि यह गांव की पंचायत और तीन लोगों का आपसी मामला है। जो की गांव में बने अंबेडकर भवन से जुड़ा है लेकिन यह कुछ ऐसे राजनीतिक लोगों का षड्यंत्र है जो सामने से नहीं लड़ सकते। असीम गोयल ने ऐसे लोगों को लोमड़(लोमड़ी) करार देते हुए कहा कि कुछ ,शातिर नेताओ ने अपने धनबल व बाहुबल के बलबूते उनके खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र किया है लेकिन ऐसे लोगों के पास जनबल नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले से उनका दूर दूर तक कोई लेना देना नहीं।

ग्रामीणों ने डीसी को दी शिकायत

इस मामले को लेकर बहबलपुर गांव के मौजूदा सरपंच प्रतिनिधि किरपाल सिंह भी मीडिया के सामने आए। उन्होंने असीम गोयल पर आरोप लगाने वाले व्यक्तियों पर बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर भवन पर कब्जा करने के आरोप लगाए। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि गांव में बने अंबेडकर भवन को लेकर ये लोग बीते लगभग 15 वर्षों से अड़चने अड़ा रहे हैं। पिछले कई सरपंचों के कार्यकाल में भी इन लोगों ने यही काम किए हैं। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि इस मामले को लेकर अब पूरे गांव ने डीसी को भी एक पत्र लिखकर मामले की वास्तविकता बताई है। साथ ही इन लोगों पर एक्शन लेने की गुहार लगाई है। उन्होंने बातचीत में स्पष्ट किया कि पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल का इस मामले से कोई संबंध नहीं।

सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करने वाले सांसद को बाहर करे भाजपा

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने बोला हमला
- संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सुप्रीमकोर्ट के अधिकार क्षेत्र को लेकर भाजपा सांसदों द्वारा की जा रही टिप्पणी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कड़ा प्रहार किया है। जैन का आरोप है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे योजनाबद्ध तरीके से सुप्रीम कोर्ट पर अपने बयानों के जरिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे है। जैन ने कहा की यह देश संविधान से चलता है। संविधान ही देश मे सर्वोपरि है। उन्होंने कहा की देश में हर संस्था संविधान के अधीन ही काम करती है। जबकि भाजपा नेता सुप्रीम कोर्ट को भी अपने हिसाब से चलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता उच्चतम न्यायालय पर टिप्पणी कर देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। जबकि जानबूझ कर भाजपा अपने सांसद निशिकांत दुबे के बयान को निजी बता कर मामले से पल्ला झाड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद अपनी पार्टी के इशारे पर सर्वोच्च न्यायालय पर टिप्पणी कर रहे हैं। पर भाजपा न्यायपालिका पर अस्वीकार्य टिप्पणियों पर पूरी तरह से चुप हैं। उन्होंने कहा की संविधान पर बार-बार हो रहे हमलों को लेकर पीएम भी मौन है। प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के डेलीगेट रोहित जैन ने कहा कि भाजपा ने तो न्यायपालिका को भी नहीं बक्शा। उसकी स्वायतता पर भी भाजपा नेता लगातार उंगली उठा रहे हैं। साफ प्रतीत होता है कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं पर भी भरोसा नहीं कर रही है। जैन ने भाजपा अध्यक्ष से सवाल किया कि भाजपा सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। ऐसे नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई न्यायपालिका की स्वायतता पर ऐसे सवाल न उठा सके।

मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आज

कुरुक्षेत्र। डॉ. अंबेडकर समाज कल्याण सभा बजीदपुर द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज, 23 अप्रैल को गांव के राजकीय मिडल स्कूल में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन सुबह 9 बजे किया जाएगा। सभा के प्रधान ओम प्रकाश ने बताया कि समारोह में पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के होनहार छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवसर पर थानेसर के एसडीएम अमन कुमार मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सूचना, भाषा एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि विशिष्ट अतिथि बीएसएनएल के पूर्व एसडीओ लखमी चंद रंगा और मीडिया वेलफेयर क्लब कुरुक्षेत्र के प्रधान बाबू राम तुषार होंगे।

पोषण स्वास्थ्य विकास का मूल आधार

- संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में पोषण पखवाड़ा मनाया, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

गन्नौर। छात्राओं द्वारा तैयार किए गए व्यंजन जांचती शिक्षक। *फोटो: हरिभूमि*

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। इस आयोजन का नेतृत्व एनएसएस सैल की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी ने किया। पखवाड़े के दौरान छात्राओं को पोषण, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

स्वस्थ और संतुलित आहार विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। पौष्टिक आहार पर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई जिसमें 20 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में चेष्टा ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय तथा पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।खाना बनाने की कला प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने अपने पाक-कौशल का प्रदर्शन किया। स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने कहा कि, पोषण स्वास्थ्य एवं समग्र विकास का मूल आधार है।

बेहतर पोषण से न केवल शिशु और मातृ स्वास्थ्य सुधरता है, बल्कि यह मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली, सुरक्षित गर्भावस्था और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम में भी सहायक होता है।

जजपा को मजबूत बनाने का संकल्प

- पार्टी नेताओं ने नीतियां जन जन पहुंचाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद जजपा नेता। *फोटो: हरिभूमि*

जननायक जनता पार्टी की एक अहम बैठक साहा में आयोजित की गई जिसमें पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की रणनीति बनाई गई। इस बैठक की अध्यक्षता जजपा के जिलाध्यक्ष मनदीप सिंह बोपाराय ने की जबकि पार्टी के प्रभारी प्रो. रणधीर सिंह और नफे सिंह मान ने विशेष रूप से बैठक की निगरानी और दिशा-निर्देशन किया। बैठक के दौरान संगठनात्मक ढांचे के पुनर्गठन, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, और जमीनी स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मनदीप सिंह बोपाराय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जजपा केवल उन्हीं सदस्यों को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपेगी जो पार्टी के सक्रिय सदस्य होंगे और निष्ठा व लगन से कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा को पहुंचाएं और नए लोगों को जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से करें। इस मौके पर जगदीप गोला, रविंद्र धीन, विक्रम धीमान, मामचंद छमिया, गुरमीत सिंह, शमशेर राणा, अमरेंद्र सौंटा, अनिल, संदीप, सुरजीत सिंह सौंड़ा, उदयवीर, नरेश धीमान, ज्ञानचंद और परविंद्र ढ़िल्लों शामिल रहे।

परशुराम कॉलेज में मेडिकल कैंप आयोजित

कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र में यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों की शुगर, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, पल्स रेट एवं बॉडी मास इंडेक्स की जांच की गई। यह कैंप भारत ग्रुप ऑफ एजुकेशन की टीम द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बैचलर इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग से डॉ. सतीश कुमार ने किया। कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. सौरभ त्रिखा ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की जाती रही हैं।

डीसी के अधिकारियों को निर्देश

समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों पर जल्द हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- प्रदेश सरकार की इस पहल को जनता का भी मिल रहा सहयोग

डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर उपायुक्त कार्यालय तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बराड़ा व नारायणगढ एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल को जनता का भी सहयोग मिल रहा है।

बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स।

शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों को अर्थ डे के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें उन्हें बताया गया कि पृथ्वी की देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में शैम प्रेप जूनियर के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक आकर्षक नाट्य प्रस्तुति दी जिसमें उन्होंने पेड़, पक्षी, नदी और फूल जैसी प्राकृतिक भूमिकाएं निभाईं। इस प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि हमें अपनी पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित रखना चाहिए।

पानी बचाने को प्रेरित किया

इसके बाद शैम प्रेप सीनियर के छात्र सिदक खेतरपाल ने जल संरक्षण पर प्रभावशाली पंक्तियाँ प्रस्तुत कर सभी को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को सोचने पर मजबूर कर दिया। अंत में स्कूल के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह और उप-प्रधानाचार्या सुमन शर्मा ने सभी बच्चों को अर्थ डे की शुभकामनाएं दी।

तय समयावधि पर भुगतान हो

गेहूं के उठान में लापरवाह एजेंसी के खिलाफ होगी ठोस कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- डीसी ने मंडियों से समय पर गेहूं उठाने के लिए दिए सख्त आदेश

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले मे 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 192403.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया है। इन मंडियों में अब तक 33567 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 55.5 प्रतिशत के साथ 106791 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने किसानों को उनकी फसल की भुगतान राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी एजेंसी उठान व भुगतान कार्य में लापरवाही बरतेगी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल तक अंबाला छावनी से 12270 एमटी, अंबाला शहर से 51402 एमटी गेहूं की खरीद की है।

आरपीएफ कर्मचारी सस्पेंड ठेकेदार से हाथापाई के बाद हुई कार्रवाई

अंबाला। डीआरएम कार्यालय में लगी गाड़ी के रुपये नहीं देने के मामले में आरपीएफ कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया है। उसकी ठेकेदार के साथ हाथापाई हो गई थी। रेलवे कॉलोनी में रहने वाली सुमन ने बताया कि उसके भाई की गाड़ी मंडल रेल कार्यालय में ठेके पर लगी है। लगभग एक साल से ठेकेदार भुगतान नहीं कर रहा था। इसके लिए सोमवार को वह पड़ाव थाने में शिकायत देने गई थी। शिकायत के आधार पर थाने जाने के बाद ठेकेदार ने खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठेकेदार ने महिला के साथ दुर्व्यवहार कर दिया। जब इसकी जानकारी महिला के पति आरपीएफ में तैनात ऑफ ड्यूटी कर्मचारी को मिली तो वह ठेकेदार से बात करने के लिए गया। उसका कहना है कि इस दौरान उस पर हमला हो गया। इसके बाद पति-पत्नी शिकायत देने के लिए मंडल रेल प्रबंधक के पास गए लेकिन वे व्यस्त थे। देर शाम उन्हें जानकारी मिली कि ऑफ ड्यूटी कर्मचारी राजिंदर को निलंबित कर दिया गया है। जब राजिंदर से बात की तो उसने बताया कि ठेकेदार के करिंदो ने उसकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया था।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि की ओर से आयोजित कार्यक्रम

समाजसेवा में भूमिका निभाने वाले 60 पदाधिकारी सम्मानित

- सभी समाज सेवियों को उनके द्वारा किए जा रहे जनकल्याण के कार्य की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला। सम्मानित किए गए प्रमुख समाजसेवी।

अंबाला शहर के कंचघर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से समाज सेवा पर आधारित विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर शैलजा सचदेवा एवं वशिष्ट अतिथि अनुभव अग्रवाल थे। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू से पधारे डॉक्टर ईवी स्वामीनाथन भाई जी ने सभा में पधारे, सभी समाज सेवियों को उनके द्वारा किए जा रहे जनकल्याण के कार्य की प्रशंसा की। उन्हें इसके लिए प्रोत्साहन दिया। उन्होंने अपने सुंदर विचारों के द्वारा सभी को समझाया की हमारा समाज जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है तथा जिन हालातों का सामना कर रहा है उसका कारण सिर्फ आध्यात्मिकता की कमी है।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अध्यात्म इस मानव समाज की रीढ़ है। जिस प्रकार एक मानव शरीर बिना रीढ़ के न झुक सकता है न कोई कार्य कर सकता है, इसी प्रकार अगर हम भी समाज की समृद्धि में अध्यात्म को शामिल नहीं करते हैं तो एक सशक्त समाज का निर्माण नहीं कर सकते।

मन को शांत रखें

कार्यक्रम के दौरान ब्राता ने सभी को 5 मिनट के मेडिटेशन में एक सुंदर अनुभूति कराते हुए कहा कि अध्यात्म की यात्रा करने के लिए मन की शांति को बरकरार रखना होगा। अपने अंतर्मन में आत्म जागृति का एक दीपक जगाना होगा। उसके लिए जरूरी है रोज आध्यात्मिक यात्रा करना अपने आप से मिलना, अपने आपसे पूछना की पूरा दिन हमने समाज के लिए बहुत कुछ किया, बहुत कुछ सोचा परंतु क्या ?एक मुलाकात अपने आप से की ?? तो

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत 8 से 22 तक दिया गया ग्रोथ मॉनिटरिंग प्रशिक्षण

अंबाला। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल 2025 तक राष्ट्रीय पोषण पखवाडा मनाया गया। इसके तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केंद्र में ग्रोथ मॉनिट्रिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में सुपरवाइजर सिमरप्रीत कौर-, दीपांशु अंबाला शहर, नीलम-साहा ने सभी सुपरवाईजर तथा चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ग्रोथ मॉनिट्रिंग उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। इन उपकरणों की सहायता से आंगनवाडी कार्यकर्ता लाभार्थियों के वजन तथा लंबाई का मापन करती हहैं। सभी प्रतिभागियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा, सुमन बाला, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी-शहरी, अनीता सजवान जिला समन्वयक तथा सीमा खंड समन्वयक द्वारा पोषण ट्रैकर एप पर फेस रिकॉगनाइजेशन सिस्टम की स्थिति में सुधार करने के लिए भी कहा गया।